Test Booklet No.
परीक्षण पुस्तिका सं.

# Subject : GENERAL TEST
# Code : 501 EH (New)
# Medium : English and Hindi

**(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)**
**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

Test Booklet Code
परीक्षण पुस्तिका कोड
**C**

| Time Allowed : **60** minutes<br>निर्धारित समय : **60** मिनट | Maximum Marks : **250**<br>अधिकतम अंक : **250** | Total Questions : **60**<br>कुल प्रश्न : **60** | Number of questions to be answered : **50**<br>उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **50** |
|---|---|---|---|

**Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.**
**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***Important Instructions for the Candidates :***

1. This Test Booklet contains **60** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **50** questions. If a candidate answers more than 50 questions, the first 50 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **C**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **60** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **50** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 50 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड C** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Application Number (in figures) : ____________________
आवेदन संख्या (अंकों में) :
Roll Number (in figures) : ____________________
अनुक्रमांक (अंकों में) :
Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Candidate's Signature : ____________________ Invigilator's Signature : ____________________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

**1.** Who is the author of the book “Kashmir : Travels in Paradise on Earth” ?

(1) Romesh Bhattacharji (2) Vikram Seth

(3) Jhumpa Lahiri (4) Shamas Faqir

**2.** Which state became the 25th state of India on 30th May, 1987 ?

(1) Telangana (2) Haryana

(3) Gujarat (4) Goa

**3.** Which of these temples is not located in Uttarakhand ?

(1) Nanda Devi (2) Surkanda Devi

(3) Kalighat Kali (4) Tungnath

**4.** Which of these states do not share a border with Chhattisgarh ?

(1) Karnataka (2) Madhya Pradesh

(3) Telangana (4) Jharkhand

**5.** PQR is a triangle. The bisectors of the internal angle $\angle Q$ and external angle $\angle R$ intersect at M. If $\angle QMR = 40^\circ$, then $\angle P$ is :

(1) $75^\circ$ (2) $60^\circ$

(3) $65^\circ$ (4) $80^\circ$

**6.** What is the name of the alloy which is obtained after mixing mercury with another metal ?

(1) Solder (2) Amalgam

(3) Duralumin (4) Pewter

**7.** What is the name of the scheme launched by the Defence Minister at DefConnect 2024 to foster innovation in defence technology ?

(1) INNOVATE (2) TECHBOOST

(3) ADITI (4) DEFEND

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

1. "कश्मीर : ट्रेवल्स इन पैराडाइज ऑन अर्थ" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(1) रमेश भट्टाचारजी (2) विक्रम सेठ

(3) जुम्पा लाहिरी (4) शमस फकीर

2. 30 मई, 1987 को कौन-सा राज्य भारत का 25वाँ राज्य बना ?

(1) तेलंगाना (2) हरियाणा

(3) गुजरात (4) गोवा

3. इनमें से कौन-सा मंदिर उत्तराखण्ड में स्थित नहीं है ?

(1) नंदा देवी (2) सुरकंडा देवी

(3) कालीघाट काली (4) तुंगनाथ

4. इनमें से किस राज्य की सीमा छत्तीसगढ़ राज्य से नहीं मिलती ?

(1) कर्नाटक (2) मध्य प्रदेश

(3) तेलंगाना (4) झारखण्ड

5. PQR एक त्रिभुज है। आंतरिक कोण $\angle Q$ और बाह्य कोण $\angle R$ के द्विभाजक M पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि $\angle QMR = 40°$ है, तब $\angle P$ है :

(1) 75° (2) 60°

(3) 65° (4) 80°

6. पारा को किसी अन्य धातु के साथ मिश्रित करने पर जो मिश्रधातु प्राप्त होता है, उसका नाम क्या है ?

(1) सोल्डर (2) अमलगम

(3) ड्यूरेलुमिन (4) पेवटर

7. डेफकनेक्ट 2024 के अन्तर्गत रक्षा तकनीकी में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए रक्षामंत्री द्वारा जिस योजना की शुरुआत की गई, उसका नाम क्या है ?

(1) INNOVATE (2) TECHBOOST

(3) ADITI (4) DEFEND

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**8.** Which bowler became second Indian bowler to take 500 wickets in Test matches in February, 2024 ?

(1) Harbhajan Singh (2) Ravichandran Ashwin

(3) Ishant Sharma (4) Mohammed Shami

**9.** Which one of the following rivers is not included in 'Panchnad – The five rivers of Punjab' ?

(1) The Luni (2) The Jhelum

(3) The Chenab (4) The Sutlej

**10.** Where was the $15^{th}$ BRICS Summit-2023 organised ?

(1) South Africa (2) Brazil

(3) Russia (4) China

**11.** Match List I with List II :

| **List I**<br>**Indian Notes (New Currency)** | **List II**<br>**Pictures** |
|---|---|
| (A) ₹ 10 | (I) Ellora Caves |
| (B) ₹ 100 | (II) Konark, Sun Temple |
| (C) ₹ 500 | (III) Rani Ki Vav |
| (D) ₹ 20 | (IV) Red Fort |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (I)

**12.** From the given options, name the longest river in Asia.

(1) Yangtze River (2) Lena River

(3) Indus River (4) Brahmaputra River

**8.** फरवरी, 2024 में कौन-सा गेंदबाज टेस्ट मैचों में 500 विकेट लेने वाला दूसरा भारतीय गेंदबाज बन गया ?

(1) हरभजन सिंह (2) रविचन्द्र अश्विन

(3) इशान्त शर्मा (4) मोहम्मद शमी

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी 'पंचनाद – पंजाब की पंचनदियों' में नहीं है ?

(1) लुनी (2) झेलम

(3) चेनाब (4) सतलुज

**10.** 15वें ब्रिक्स सम्मेलन-2023 का आयोजन कहाँ हुआ था ?

(1) दक्षिण अफ्रीका (2) ब्राज़ील

(3) रूस (4) चीन

**11.** सूची I के साथ सूची II का मिलान कीजिए :

| **सूची I**<br>**भारतीय नोट (नई मुद्रा)** | **सूची II**<br>**तस्वीर (चित्र)** |
|---|---|
| (A) ₹ 10 | (I) एलोरा गुफा |
| (B) ₹ 100 | (II) कोणार्क, सूर्य मन्दिर |
| (C) ₹ 500 | (III) रानी की वाव (बावड़ी) |
| (D) ₹ 20 | (IV) लाल किला |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (I), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (IV), (C) - (III), (D) - (II)

(4) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (I)

**12.** दिए गए विकल्पों में से, एशिया की सबसे लंबी नदी है :

(1) यांगत्ज़ी नदी (2) लेना नदी

(3) सिंधु नदी (4) ब्रह्मपुत्र नदी

**13.** Arrange the following important days according to their chronological order from January to December :

A. Indian Airforce Day

B. Kargil Victory Day

C. World Soil Day

D. National Youth Day

E. International Women's Day

Select the correct answer from the options given below :

(1) A – D – B – C – E

(2) D – E – B – A – C

(3) D – B – E – C – A

(4) E – A – D – C – B

**14.** Which Railway Minister from the following, resigned immediately after the 1956 Ariyalur train accident ?

(1) Jagjivan Ram (2) Lal Bahadur Shastri

(3) S.K. Patil (4) Lalit Narayan Mishra

**15.** Which of the following countries won the FIH Hockey Men's World Cup 2023 ?

(1) Germany (2) Netherlands

(3) Belgium (4) Australia

**16.** Who won the title of the $6^{th}$ Khelo India Youth Games 2024 ?

(1) Haryana (2) Maharashtra

(3) Karnataka (4) Tamil Nadu

**17.** In January 2024, which Indian state was the host of the Purple Fest, the first inclusive festival for persons with disabilities ?

(1) Goa (2) Gujarat

(3) Kerala (4) Maharashtra

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**13.** निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण दिनों को जनवरी से दिसम्बर तक उनके कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

A. भारतीय वायु सेना दिवस

B. कारगिल विजय दिवस

C. विश्व मृदा दिवस

D. राष्ट्रीय युवा दिवस

E. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) A – D – B – C – E

(2) D – E – B – A – C

(3) D – B – E – C – A

(4) E – A – D – C – B

**14.** निम्नलिखित में से किस रेल मंत्री ने 1956 में अरियालुर रेल दुर्घटना के तुरन्त बाद पद से इस्तीफा दे दिया था ?

(1) जगजीवन राम (2) लाल बहादुर शास्त्री

(3) एस.के. पाटिल (4) ललित नारायण मिश्रा

**15.** निम्नलिखित में से किस देश ने एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 जीता ?

(1) जर्मनी (2) नीदरलैण्ड

(3) बेल्जियम (4) ऑस्ट्रेलिया

**16.** किसने छठा खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2024 का खिताब जीता ?

(1) हरियाणा (2) महाराष्ट्र

(3) कर्नाटक (4) तमिलनाडु

**17.** पर्पल फेस्ट, अशक्त व्यक्तियों के लिए पहला समावेशी त्योहार (फेस्टिवल), की मेजबानी जनवरी 2024 में किस भारतीय राज्य के द्वारा की गई थी ?

(1) गोवा (2) गुजरात

(3) केरल (4) महाराष्ट्र

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**18.** In December 2023, Sultan Haitham bin Tarik was on a State visit to India. He is the Sultan and Prime Minister of which country ?

(1) Iran (2) Yemen

(3) Qatar (4) Oman

**19.** Which of the following states launched the 'Mukhyamantri Seekho-Kamao Yojana' (MMSKY) in 2023 ?

(1) Uttar Pradesh

(2) Himachal Pradesh

(3) Madhya Pradesh

(4) Bihar

**20.** Rabindranath Tagore had renounced his knighthood because _______________.

(1) of execution of Bhagat Singh

(2) of Chauri-Chaura incident

(3) he wanted to join the Congress

(4) of the Jallianwala Bagh tragedy

**21.** In which of the following cities of Madhya Pradesh was the 17$^{th}$ edition of Pravasi Bharatiya Divas (PBD) organized ?

(1) Bhopal

(2) Indore

(3) Jabalpur

(4) Gwalior

**22.** In the joint military exercise 'Desert Cyclone', 2024, which two nations collaborated to enhance interoperability through knowledge exchange ?

(1) India and Qatar

(2) India and Vietnam

(3) India and Australia

(4) India and UAE

---

**18.** दिसम्बर 2023 में, सुल्तान हैथम बिन तारिक, भारत की राजकीय यात्रा पर थे। वह किस देश के सुल्तान और प्रधानमंत्री हैं ?

(1) ईरान
(2) यमन
(3) कतर
(4) ओमान

**19.** निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा 'मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना' (एमएमएसकेवाई) 2023 में शुरू की गई ?

(1) उत्तर प्रदेश
(2) हिमाचल प्रदेश
(3) मध्य प्रदेश
(4) बिहार

**20.** रविन्द्रनाथ टैगोर ने नाईटहुड की पदवी ____________ छोड़ दी थी।

(1) भगत सिंह को फाँसी देने के कारण
(2) चौरी-चौरा काण्ड के कारण
(3) वह काँग्रेस में सम्मिलित होना चाहते थे इसलिए
(4) जलियाँवाला बाग त्रासदी के कारण

**21.** प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) का 17वाँ सत्र मध्य प्रदेश के निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था ?

(1) भोपाल
(2) इन्दौर
(3) जबलपुर
(4) ग्वालियर

**22.** संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डेज़र्ट साइक्लोन', 2024 में, कौन-से दो देशों ने जानकारी के आदान-प्रदान के माध्यम से अंतर-संचालनीयता बढ़ाने के लिए सहयोग किया ?

(1) भारत और कतर
(2) भारत और वियतनाम
(3) भारत और ऑस्ट्रेलिया
(4) भारत और यूएई

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**23.** Who among the following wrote the book "Guilty Men of India's Partition" ?

(1) Mahatma Gandhi

(2) Lala Har Dayal

(3) Lala Lajpat Rai

(4) Ram Manohar Lohia

**24.** Who authored the famous novels, 'The Fountainhead' and 'Atlas Shrugged' ?

(1) H.G. Wells

(2) Ayn Rand

(3) George Orwell

(4) J.M. Barrie

**25.** The Bhoodan-Gramadan Movement started by Vinoba Bhave is also known as ____________.

(1) Civil Revolution

(2) Green Revolution

(3) Bloodless Revolution

(4) White Revolution

**26.** 23 January, the birth anniversary of Netaji Subhas Chandra Bose, is celebrated every year as __________ .

(1) Shaheed Diwas

(2) Parakram Diwas

(3) National Youth Day

(4) Hindi Diwas

**27.** 23 December, the birthday of former Prime Minister Chaudhary Charan Singh, is celebrated every year as __________ .

(1) Samvidhan Diwas

(2) National Milk Day

(3) National Farmers' Day

(4) Good Governance Day

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**23.** "गिल्टी मैन ऑफ इण्डियाज़ पार्टीशन" नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखी गई ?

(1) महात्मा गाँधी

(2) लाला हरदयाल

(3) लाला लाजपत राय

(4) राम मनोहर लोहिया

**24.** 'द फाउन्टेनहैड' और 'एटलस श्रग्ड' नाम के मशहूर उपन्यास किसके द्वारा लिखे गए ?

(1) एच.जी. वेल्स

(2) आयन रैण्ड

(3) जॉर्ज ऑरवेल

(4) जे.एम. बैरी

**25.** विनोबा भावे द्वारा शुरू किया गया भूदान-ग्रामदान आन्दोलन, ___________ के नाम से भी जाना जाता है।

(1) नागरिक क्रांति

(2) हरित क्रांति

(3) रक्तहीन क्रांति

(4) श्वेत क्रांति

**26.** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती, 23 जनवरी को प्रत्येक वर्ष ___________ के रूप में मनाया जाता है।

(1) शहीद दिवस

(2) पराक्रम दिवस

(3) राष्ट्रीय युवा दिवस

(4) हिन्दी दिवस

**27.** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन, 23 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष ___________ के रूप में मनाया जाता है।

(1) संविधान दिवस

(2) राष्ट्रीय दुग्ध दिवस


(3) राष्ट्रीय किसान दिवस

(4) सुशासन दिवस (गुड गवर्नेंस दिवस)

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**28.** Find the missing number in the following figure.




(1) 3 (2) 4 (3) 1 (4) 2

**29.** In the given analogy, choose the number which will replace the question mark (?).

WSH : 5 : : KMJ : ?

(1) 3 (2) 7 (3) 5 (4) 2

**30.** From the given options, at what angle are the hands of a clock inclined at 10 minutes to 2 (Smaller angle) ?

(1) $115^\circ$ (2) $65^\circ$ (3) $120^\circ$ (4) $112^\circ$

**31.** If 1st January, 2001 was a Monday, what was the day on 26th January, 2003 ?

(1) Saturday (2) Sunday

(3) Monday (4) Wednesday


**32.** What comes in place of the question mark (?) in the series given below ?

B2D, C3F, E5J, G7N, ?, M13Z

(1) I9R (2) K11Z


(3) K9W (4) K11V

**33.** Which one will replace the question mark (?) ?




(1) 40 (2) 43 (3) 44 (4) 45

**28.** नीचे दिए गए चित्र में अनुपस्थित संख्या ज्ञात कीजिए।




(1) 3 (2) 4 (3) 1 (4) 2

**29.** दी गई अनुरूपता में, वह संख्या चुनिए जो प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

WSH : 5 : : KMJ : ?

(1) 3 (2) 7 (3) 5 (4) 2

**30.** दिए गए विकल्पों में से, 2 बजने से 10 मिनट पहले, घड़ी की दोनों सुइयों के बीच कोण क्या होगा (छोटा कोण) ?

(1) $115^\circ$ (2) $65^\circ$ (3) $120^\circ$ (4) $112^\circ$

**31.** यदि 1 जनवरी, 2001 को सोमवार था, तो 26 जनवरी, 2003 को कौन-सा दिन था ?

(1) शनिवार (2) रविवार

(3) सोमवार (4) बुधवार


**32.** प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर, नीचे दी गई श्रेणी में क्या आएगा ?

B2D, C3F, E5J, G7N, ?, M13Z

(1) I9R (2) K11Z

(3) K9W (4) K11V

**33.** प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?




(1) 40 (2) 43 (3) 44 (4) 45

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**34.** Take the given statements to be true even if they seem to be at variance with commonly known facts. Then decide which of the given conclusions logically follow the given statements.

*Statements :*

0% chairs are tables.

All computers are chairs.

Some books are tables.

*Conclusions :*

I. Not a single table is a computer.

II. Some books are not chairs.

(1) Only conclusion I follows.

(2) Only conclusion II follows.

(3) Both conclusions I and II follow.

(4) Neither conclusion I nor II follows.

**35.** Read the directions carefully and give the answer from the given options.

P, Q, R, S, T, K, L, M and N are sitting around a circle facing the centre.

K is 4$^{th}$ to the right of P and P is 3$^{rd}$ to the right of Q.

N is 4$^{th}$ to the left of Q and 3$^{rd}$ to the right of S.


R is 2$^{nd}$ to the right of M and M is the immediate neighbour of P.

T is 2$^{nd}$ to the left of L.

Who is to the immediate left of K ?

(1) R (2) T (3) Q (4) M

**36.** Find the number of triangles in the given figure.



(1) 8 (2) 10

(3) 12 (4) 14

**34.** दिए गए कथनों को सत्य मानिए, चाहे वे सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न भी प्रतीत हों। फिर यह सुनिश्चित कीजिए कि कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक अनुसरण करते हैं।

*कथन :*

0% कुर्सियाँ मेज हैं।

सभी कम्प्यूटर कुर्सियाँ हैं।

कुछ पुस्तकें मेज हैं।

*निष्कर्ष :*

I. एक भी मेज कम्प्यूटर नहीं है।

II. कुछ पुस्तकें कुर्सियाँ नहीं हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

(3) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

(4) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**35.** निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और दिए गए विकल्पों से अपना उत्तर दीजिए।

P, Q, R, S, T, K, L, M और N एक वृत्त के चारों ओर बैठे हैं और केन्द्र की ओर मुखरित हैं।

K, P के दाएँ से चौथे स्थान पर है और P, Q के दाएँ से तीसरे स्थान पर है।

N, Q के बाएँ से चौथे स्थान पर है और S के दाएँ से तीसरे स्थान पर है।


R, M के दाएँ से दूसरे स्थान पर है और M, P का एकदम पड़ोसी है।

T, L के बाएँ से दूसरे स्थान पर है।

तो K के एकदम बायीं ओर कौन है ?

(1) R (2) T (3) Q (4) M

**36.** नीचे दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।



(1) 8 (2) 10

(3) 12 (4) 14

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**37.** Rakesh is 17th from the right and Ankit is 15th from the left in a line of students. If they interchange their places, the position of Ankit becomes 19th from the left. How many students are there in the line ?

(1) 36 (2) 35


(3) 34 (4) 33


**38.** In a family, Bhanu is the father of Kamlesh. Bhanu has only two children. Kamlesh is the brother of Ritu. Ritu is the daughter of Santosh. Aryan is the grandson of Santosh. Sunny is the father of Aryan. How is Sunny related to Bhanu ?

(1) Son-in-law (2) Son

(3) Nephew (4) Brother-in-law

**39.** Identify the number that will replace the question mark in the second equation based on the relationship represented in the first equation.




$= a^2 + b^3 + c^4$,



= ?


(1) 420 (2) 92 (3) 602 (4) 456



**40.** Choose the box that is similar to the box formed from the given sheet of paper (Y).



(Y)

(1) 

(2) 

(3) 
(4) 


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**37.** विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, राकेश दाएँ से 17वें स्थान पर है और अंकित बाएँ से 15वें स्थान पर है। यदि वे दोनों अपना स्थान एक-दूसरे से बदल लें, तो अंकित की स्थिति बाएँ से 19वीं हो जाती है। पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं ?

(1) 36 (2) 35


(3) 34 (4) 33

**38.** एक परिवार में, भानू कमलेश का पिता है। भानू के केवल दो बच्चे हैं। कमलेश रितु का भाई है। रितु संतोष की बेटी है। आर्यन, संतोष का नाती (नवासा) है। सन्नी, आर्यन का पिता है। सन्नी का भानू से क्या संबंध है ?


(1) दामाद (2) बेटा

(3) भतीजा (4) साला

**39.** पहले समीकरण में दिखाए गए संबंध के आधार पर, उस संख्या को पहचानिए जो दूसरे समीकरण में प्रश्न चिह्न का स्थान ले (प्रतिस्थापित हो) ।





$= a^2 + b^3 + c^4$,





= ?


(1) 420 (2) 92 (3) 602 (4) 456


**40.** उस डिब्बे (बॉक्स) को चुनिए, जो नीचे दी गई पेपर शीट (Y) से बनाए गए डिब्बे (बॉक्स) के समान है।





(Y)

(1) 



(2) 


(3) 

(4) 


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह


**41.** Find the number of triangles in the given figure.







(1) 14 (2) 15

(3) 16 (4) 18

**42.** Which option figure will complete the pattern in the given figure ?




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**43.** A woman leaves her home. She walks 40 m in North-West direction and then 90 m in South-East direction. Then, she moves 30 m in North direction. How far is she now from her initial position ?


(1) 30 m

(2) 60 m

(3) 50 m

(4) 40 m


**41.** नीचे दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए।





(1) 14 (2) 15


(3) 16 (4) 18


**42.** कौन-सा विकल्प चित्र, दिए गए चित्र में पैटर्न को पूरा करेगा ?



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**43.** एक महिला अपना घर छोड़ती है। वह उत्तर-पश्चिम दिशा में 40 मीटर चलती है और फिर दक्षिण-पूर्व दिशा में 90 मीटर चलती है। तब, वह उत्तर दिशा में 30 मीटर चलती है। अपनी प्रारंभिक स्थिति से अब वह कितनी दूर है ?

(1) 30 मीटर

(2) 60 मीटर

(3) 50 मीटर

(4) 40 मीटर

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**44.** In the given question, a statement is given followed by some conclusions. Choose the conclusion(s) which logically follow(s) the given statement.

*Statement :*

Few shops on this road have neon lights, but they all have signboards.

*Conclusions :*

I. Some shops have either signboards or neon lights.

II. Some shops have no signboards.

III. Some shops have no neon lights.

IV. Some shops have both signboards and neon lights.

The conclusion(s) correctly drawn is/are :

(1) IV alone

(2) I alone

(3) II and III

(4) III and IV

**45.** Anubhav spent 14% of his income on electricity bills, 28% on rent and 18% on shopping. If $\frac{1}{4}^{\text{th}}$ of the remaining amount is ₹ 5120, how much did he spend on electricity bills ?

(1) ₹ 7160 (2) ₹ 7168

(3) ₹ 8160 (4) ₹ 9000

**46.** If the average of p numbers is $q^2$ and that of q numbers is $p^2$, then the average of (p + q) numbers is :

(1) $\frac{p}{q}$ (2) $p + q$

(3) $pq$ (4) $p - q$

**47.** The sum of the digits of a two-digit number is 10. If 18 is subtracted from it, the digits in the resulting number will be equal. The number is :

(1) 75

(2) 73

(3) 65

(4) 64

**44.** दिए गए प्रश्न में, एक कथन है जिसका अनुसरण कुछ निष्कर्ष करते हैं। उस/उन निष्कर्ष को चुनिए जो तार्किक रूप से दिए गए कथन का अनुसरण करता/ते है/हैं।

*कथन :*

इस सड़क पर कुछ दुकानों में नियोन लाइट हैं, परन्तु इन सबके पास साइनबोर्ड हैं।

*निष्कर्ष :*

I. कुछ दुकानों में या तो साइनबोर्ड हैं या नियोन लाइट।

II. कुछ दुकानों में साइनबोर्ड नहीं हैं।

III. कुछ दुकानों में नियोन लाइट नहीं हैं।

IV. कुछ दुकानों में दोनों साइनबोर्ड और नियोन लाइट हैं।

सही निकाला(ले) गया(ए) निष्कर्ष है(हैं) :

(1) केवल IV

(2) केवल I

(3) II और III

(4) III और IV

**45.** अनुभव अपनी आय का 14% बिजली के बिल पर, 28% किराये पर और 18% खरीदारी पर खर्च करता है। यदि बची हुई राशि का $\frac{1}{4}$ हिस्सा ₹ 5120 है, तो उसने बिजली के बिल पर कितना खर्च किया ?

(1) ₹ 7160 (2) ₹ 7168

(3) ₹ 8160 (4) ₹ 9000

**46.** यदि p संख्याओं का औसत $q^2$ है और q संख्याओं का औसत $p^2$ है, तो (p + q) संख्याओं का औसत होगा :

(1) $\frac{p}{q}$ (2) $p + q$

(3) $pq$ (4) $p - q$

**47.** दो अंकों की एक संख्या के अंकों का योगफल 10 है। यदि संख्या में से 18 घटा दिया जाए, तो प्राप्त संख्या में दोनों अंक समान हो जाते हैं। संख्या है :

(1) 75

(2) 73

(3) 65

(4) 64

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**48.** Ajay walks at a speed of 4 km/hr. He doubles his speed after reaching exactly half way. He walks for 12 hours in all. What is the total distance travelled by him ?

(1) 32 km (2) 30 km

(3) 64 km (4) 60 km

**49.** Aman can go downstream thrice as fast as he can go upstream between two specific points on a river. If the river flows at 8 kmph, what is the speed of the boat in still water (in kmph) ?

(1) 14 kmph (2) 15 kmph

(3) 16 kmph (4) 18 kmph

**50.** A shopkeeper earned a profit (in ₹) by selling an item, which is three times the discount offered (in ₹). If the discount offered is 6.25%, what is his profit percentage ?

(1) 20% (2) 25%

(3) 10% (4) 12%

**51.** The total population of a town is 50,000. The number of males and females increases by 10% and 15% respectively and consequently the population of the town becomes 56,000. What was the number of males in the town ?

(1) 20,000 (2) 30,000

(3) 35,000 (4) 40,000

**52.** A 6-digit number has digits as consecutive natural numbers. The number is always divisible by :

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 2

**53.** The average of 101 consecutive odd numbers is 303. Find the largest number.

(1) 373 (2) 401

(3) 403 (4) 409

**54.** If A : B = 5 : 6 and B : C = 6 : 7, then A + B : B + C : A + C is :

(1) 10 : 12 : 11 (2) 9 : 11 : 10

(3) 11 : 13 : 12 (4) 19 : 21 : 20

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**48.** अजय 4 किमी/घंटा की चाल से चलता है। ठीक आधा रास्ता पहुँचने के बाद वह अपनी चाल दुगुनी कर लेता है। वह कुल 12 घंटे चलता है। उसके द्वारा तय की गई कुल दूरी क्या है ?

(1) 32 किमी (2) 30 किमी

(3) 64 किमी (4) 60 किमी

**49.** अमन नदी के दो विशिष्ट बिंदुओं के बीच धारा के प्रतिकूल जाने की तुलना में धारा के अनुकूल तीन गुना तेजी से जा सकता है। यदि नदी की धारा 8 किमी/घंटा की चाल से बह रही है, तो स्थिर जल में नाव की चाल (किमी/घंटा में) क्या होगी ?

(1) 14 किमी/घंटा (2) 15 किमी/घंटा

(3) 16 किमी/घंटा (4) 18 किमी/घंटा

**50.** एक दुकानदार ने एक वस्तु को बेचकर, जितनी उसने छूट दी (₹ में) उससे तीन गुना लाभ (₹ में) कमाया। यदि दी गई छूट 6.25% है, तो उसका लाभ प्रतिशत क्या होगा ?

(1) 20% (2) 25%

(3) 10% (4) 12%

**51.** एक शहर की कुल जनसंख्या 50,000 है। पुरुषों और महिलाओं की संख्या क्रमशः 10% और 15% बढ़ जाती है, जिसके कारण शहर की जनसंख्या 56,000 हो जाती है। शहर में पुरुषों की संख्या क्या थी ?

(1) 20,000 (2) 30,000

(3) 35,000 (4) 40,000

**52.** एक 6 अंकों की संख्या के सभी अंक क्रमागत प्राकृत संख्याएँ हैं। तो संख्या हमेशा किससे विभाजित होगी ?

(1) 3 (2) 4

(3) 5 (4) 2

**53.** 101 क्रमागत विषम संख्याओं का औसत 303 है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

(1) 373 (2) 401

(3) 403 (4) 409

**54.** यदि A : B = 5 : 6 और B : C = 6 : 7 है, तब A + B : B + C : A + C है :

(1) 10 : 12 : 11 (2) 9 : 11 : 10

(3) 11 : 13 : 12 (4) 19 : 21 : 20

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**55.** Aman can do 50% of the job in 16 days, and Bhanu can do 25% of the job in 24 days. In how many days can they do $\frac{1}{4}^{\text{th}}$ of the job working together ?

(1) 6 days (2) 8 days
(3) 10 days (4) 12 days

**56.** In 80 litres mixture of milk and water, the ratio of amount of milk to that of amount of water is 7 : 3. In order to make this ratio 2 : 1, how many litres of water should be added ?

(1) 5 litres (2) 6 litres
(3) 4 litres (4) 10 litres

**57.** In a triangle PQR, if $\angle P + \angle R = 150^\circ$ and $\angle P + 3\angle Q = 170^\circ$, then $\angle P$ is equal to :

(1) 70° (2) 80°
(3) 75° (4) 65°

**58.** Aman invested ₹ (P + 3000) for 3 years at 8% simple interest. Anuj invested an amount of ₹ P for 2 years at 12% compound interest and received the same amount of interest as Aman received. Find the amount that is invested by Anuj.

(1) ₹ 45,000 (2) ₹ 50,000
(3) ₹ 55,000 (4) ₹ 60,000

**59.** In the Delhi zoo, there are some ducks and rabbits. If the heads are counted there are 160, while the legs are 450. What will be number of ducks in the zoo ?

(1) 90 (2) 92
(3) 95 (4) 99

**60.** Ankit and Raju decided to start a business and they invested ₹ 5500 and ₹ 6500 respectively. After 11 months, the difference between their profits is ₹ 680. Find the total profit.

(1) ₹ 8160
(2) ₹ 7260
(3) ₹ 7000
(4) ₹ 6500

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**55.** अमन अपना 50% कार्य 16 दिन में कर सकता है और भानू अपना 25% कार्य 24 दिन में कर सकता है। यदि वे दोनों मिलकर कार्य करते हैं, तो कार्य का $\frac{1}{4}$ हिस्सा करने में कितने दिन लगेंगे ?

(1) 6 दिन
(2) 8 दिन
(3) 10 दिन
(4) 12 दिन

**56.** 80 लीटर दूध और पानी के मिश्रण में, दूध और पानी की मात्रा का अनुपात 7 : 3 है। इनका अनुपात 2 : 1 करने के लिए कितना लीटर पानी डालना पड़ेगा ?

(1) 5 लीटर
(2) 6 लीटर
(3) 4 लीटर
(4) 10 लीटर

**57.** त्रिभुज PQR में, यदि $\angle P + \angle R = 150°$ और $\angle P + 3\angle Q = 170°$ है, तब $\angle P$ बराबर है :

(1) 70°
(2) 80°
(3) 75°
(4) 65°

**58.** 8% साधारण ब्याज पर अमन ने 3 वर्ष के लिए ₹ (P + 3000) निवेश किए। अनुज ने ₹ P राशि को 2 वर्ष के लिए 12% चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेशित किया और उतना ही ब्याज प्राप्त किया जितना अमन ने प्राप्त किया था। अनुज द्वारा निवेशित राशि ज्ञात कीजिए।

(1) ₹ 45,000
(2) ₹ 50,000
(3) ₹ 55,000
(4) ₹ 60,000

**59.** दिल्ली चिड़ियाघर में, कुछ बत्तखें और खरगोश हैं। यदि सिर गिने जाएँ, तो वे 160 हैं, जबकि टाँगें 450 हैं। चिड़ियाघर में बत्तखों की संख्या क्या होगी ?

(1) 90
(2) 92
(3) 95
(4) 99

**60.** अंकित और राजू ने एक व्यवसाय शुरू करने का निश्चय किया और उन्होंने क्रमशः ₹ 5500 और ₹ 6500 निवेशित किए। 11 माह के पश्चात् उनके लाभ में ₹ 680 का अंतर है। कुल लाभ ज्ञात कीजिए।

(1) ₹ 8160
(2) ₹ 7260
(3) ₹ 7000
(4) ₹ 6500

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

# SPACE FOR ROUGH WORK
# रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK
## रफ़ कार्य के लिए जगह

***Read carefully the following instructions :***

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी ।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें ।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है ।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा ।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है ।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं ।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ । परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है । इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा ।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी । परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे । परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं । यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी ।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ । यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है ।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी ।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है ।